__आकाशवाणी गोरखपुर__
__प्रादेशिक समाचार__

__दिनांक–07 अक्टूबर 2024__ **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- अगले साल प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को भव्य और ऐतिहासिक बनायेगी सरकार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया तैयारियों का जायजा।
- न्यूनतम मजदूरी दर बढ़ाने के केन्द्र सरकार के फैसले को जल्द ही प्रदेश में लागू करेगी राज्य सरकार। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा– केन्द्र के फैसले का कर रहे हैं अध्ययन।
- अमेठी के शिक्षक हत्याकाण्ड में पीड़ित परिवार को राज्य सरकार ने दी अड़तीस लाख रूपये की आर्थिक सहायता। पांच बीघे भूमि का पट्टा भी दिया।
- राज्य के पश्चिमी हिस्से से मानसून की विदाई। पूर्वांचल में अभी कुछ दिनों तक बरकरार रहेगा मॉनसून का असर।

**********

अगले साल जनवरी में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ की तैयारियां अभी से युद्ध स्तर पर जारी है। सरकार महाकुंभ को भव्य और ऐतिहासिक बनाना चाहती है। इसी सिलसिले में कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज पहुंच कर महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान श्री योगी ने महाकुंभ के प्रतीक चिन्ह, वेबसाइट और ऐप का शुभारम्भ भी किया। श्री योगी ने कहा कि महाकुंभ के सिलसिले में पांच हजार छह सौ करोड़ रुपये की केन्द्र और राज्य सरकार की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि बाढ़ और बारिश की वजह से अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने की आखिरी तारीख 15 दिसम्बर कर दी गई है। महाकुंभ के महत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का यह अति महत्वपूर्ण और विशाल आयोजन है। इसके आयोजन में सरकार संतों और प्रयागराजवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी जरूरी है।

***यूनेस्को ने प्रयागराज कुंभ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी। हमारा प्रयास होना चाहिये कि फिर इस बार प्रयागराज कुंभ को वैश्विक स्तर पर इसी प्रकार की मान्यता प्राप्त हो, ये हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है और वह टीम वर्क पूरे कुंभ के दौरान यहां दिखनी भी चाहिये। प्रयागराजवासियों के मन में भी दिखनी चाहिये।***

इस दौरान अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों और प्रमुख साधु–संत भी मौजूद थे।

**********

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कौशाम्बी में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्माणाधीन परियोजनाओं को तय समय–सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक तक सुनिश्चित करने को कहा और साथ ही निर्देशित किया कि त्यौहारों में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त रखी जाए।

**********

प्रदेश में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार ने सोलह नये राजकीय संस्कृत विद्यालयों को मंजूरी दी है। इनके भवन बनाने के लिये शासन की तरफ से सत्रह करोड़ रुपये मंजूर किये गये हैं, जल्द ही इनका निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा, ताकि नये सत्र में यहां पढ़ाई शुरू हो सके। राज्य में फिलहाल मात्र दो राजकीय संस्कृत विद्यालय है। इसी क्रम में नैमिषारण्य, प्रयागराज, अयोध्या, मथुरा और चित्रकूट में नये आवासीय राजकीय संस्कृत विद्यालय खोलने की मंजूरी दी गई है। इन जगहों पर विद्यार्थियों के लिये छात्रावास भी बनाये जायेंगे।

**********

प्रदेश के श्रम और सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा है कि केन्द्र सरकार के न्यूनतम मजदूरी दर बढ़ाने के निर्णय को जल्द ही प्रदेश में भी लागू किया जायेगा। श्री राजभर ने यह बात कल कानपुर में श्रमिक जागरूकता और हित लाभ वितरण कार्यक्रम और रोजगार मेले के उद्‌घाटन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के कल्याण के प्रति कटिबद्ध है और इस दिशा में जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं।

***मोदी जी की सरकार ने बहुत बड़ा फैसला किया है, जो न्यूनतम मजदूरी है उसको बढ़ाने की बात माननीय प्रधानमंत्री जी ने किया है तो उत्तर प्रदेश में हमारे जो आठ करोड़ 39 लाख रजिस्टर्ड श्रमिक है उनके मन में भारी उत्साह है। हम लोग भी प्रयास करेंगे माननीय मुख्यमंत्री जी का आदेश भी हम लोगों को मिला है उसका ठीक से अध्ययन हो और जो भारत सरकार ने फैसला किया है उकसे हम उत्तर प्रदेश में कैसे लागू करें इस पर विचार विमर्श विभाग कर रहा है और बहुत जल्द हम इसको लागू करेंगे।***

**********

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि बीते साढ़े चार वर्षों में राज्य में बिजली के दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। साथ ही उत्तर प्रदेश में लोगों को सर्वाधिक बिजली मिल रही है। ऊर्जा मंत्री कल मिर्जापुर जिले के विंध्यवासिनी धाम में दर्शन पूजन और गंगा आरती में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

***पिछले चार , साड़े चार सालों में बिजली के दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। चाहे कमर्शियल हो, चाहे घरेलू हो चाहे व्यक्तिगत हो चाहे सामूहिक हो हर प्रकार के दर जो पहले थे वही है, अगर किसी का कोई व्यक्तिगत मामला है कही कोई बिजली के बिल में खामी रह गई हो कोई दिक्कत रह गई हो तो स्पेसिफिक केस हमारे ध्यान में लाया जाएगा तो हम उसे अवश्य देखने का कोशिश रह गई बात बिजली देने की तो उत्तर प्रदेश के इतिहास में इतनी ज्यादा बिजली कभी नहीं दी गई है इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे ज्यादा बिजली देने वाला राज्य बना है। में आसावस्त करता हूँ सभी लोगो को की***

**********

रायबरेली निवासी और अमेठी में शिक्षक रहे स्वर्गीय सुनील कुमार के परिवार से मुख्यमंत्री के निर्देश पर रायबरेली के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कल मुलाकात की। पीड़ित परिवार को उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत एक आवास, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पांच लाख रूपये की धनराशि, पांच बीघे भूमि पट्टा आवंटन सहित तैंतीस लाख रूपये की राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर ऊंचाहार के विधायक मनोज पाण्डेय भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि शिक्षक सुनील कुमार, उनकी पत्नी और दो बच्चियों की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए यूपी पुलिस की एसटीएफ हत्या अभियुक्त को गिरफ्तार कर चुकी है।

**********

केन्द्रीय वाणिज्य, उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कल पीलीभीत के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में चौदह करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से बनाये जा रहे नाइलिट केन्द्र का शिलान्यास किया। इस दौरान श्री प्रसाद ने कॉलेज मैदान में लगे रोजगार मेले का शुभारम्भ भी किया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस ट्रेनिंग सेंटर के खुल जाने से पीलीभीत के युवा सामर्थ्यशाली और रोजगार हासिल करने में सक्षम बनेंगे।

**********

गो–पालकों की आय बढ़ाने और स्वदेशी नस्ल की गायों के संवर्धन के लिये प्रदेश सरकार ने नंद बाबा दुग्ध मिशन के दूसरे चरण को हरी झंडी दे दी है। वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में सरकार इस मिशन पर चौहत्तर करोड़ इक्कीस लाख रूपये खर्च करेगी। इससे प्रदेश के दस हजार से अधिक गो–पालकों को फायदा मिलेगा।

**********

शारजाह में आई सी सी महिला टी–20 क्रिकेट विश्व कप में कल भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। भारत ने जीत के लिए एक सौ छः रन का लक्ष्य अट्ठारह ओवर और पांच गेंद में चार विकेट पर एक सौ आठ रन बनाकर हासिल कर लिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में छत्तीसवें अखिल भारतीय एडवोकेट क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल हम सबको एक टीम की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

**********

राज्य के पश्चिमी हिस्से से मानसून की विदाई हो गयी है लेकिन मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का मानना है कि पूर्वांचल और मध्य हिस्से के कुछ जिलों में अभी मानसून का असर कुछ दिनों तक बना रहेगा। इस बीच, कल राजधानी लखनऊ और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश से लोगों को खासी राहत मिली। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक आज प्रतापगढ़, कौशाम्बी, फतेहपुर, शाहजहॉपुर, बरेली, बदायूं में गरज–चमक के साथ बारिश की सम्भावना है।

**********

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन आज मां आदिशक्ति जगत जननी दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कन्द माता की आराधना की जा रही है। राज्य के विभिन्न शक्ति पीठों और मंदिरों में सुबह से ही कतारबद्ध होकर श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। इस बीच प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना लगातार बना हुए है। शारदीय नवरात्र के शुरूआती चार दिनों में तीन लाख से अधिक श्रद्धालु मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन–पूजन कर चुके थे।

**********